आइए, अब कुछ और नामों को जानें–

दिनों के नाम	सोमवार, मंगलवार, बुधवार आदि।
महीनों के नाम	जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल आदि।
फलों के नाम	सेब, केला, अंगूर, चीकू आदि।
फूलों के नाम	गुलाब, गेंदा, चमेली आदि।
नदियों के नाम	गंगा, यमुना, कावेरी, नर्मदा आदि।
पहाड़ों के नाम	हिमालय, एवरेस्ट आदि।

हमने सीखा

- संसार में जितनी भी चीज़ें हैं, सभी का कोई न कोई नाम होता है।
- नाम कई प्रकार के होते हैं; जैसे– व्यक्तियों, वस्तुओं, पशु-पक्षियों, स्थानों के नाम आदि।

आओ अभ्यास करें

1. नीचे दिए गए चित्रों के नाम लिखिए–





लड़का	पेंसिल	मोर	मोबाइल

2. दिए गए चित्रों में से प्राणी, वस्तु तथा स्थान को छाँटकर अलग-अलग लिखिए–

किताब



घोड़ा



घर

दादा जी

बगीचा

मेज़

दुकान

शिखा

प्राणी	वस्तु	स्थान
दादा जी	किताब	बगीचा
शिखा	मेज़	दुकान
घोड़ा		घर

3. खाली जगहों में सही संज्ञा शब्द भरिए–

चिड़ियाघर	गुलाब	खिलौना	मैदान	गाय

क. बच्चे ....मैदान.... में खेल रहे हैं।

ख. ....गाय.... घास खाती है।

ग. मुझे ....गुलाब.... का फूल अच्छा लगता है।

घ. मेरा ....खिलौना.... लाल रंग का है।

ङ. मैं ....चिड़ियाघर.... देखने जाऊँगा।